
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 मार्च 2026

11 सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण...



12 पशु औषधालय और पॉलिटेक्निकल खुलेंगे...



## खबर संक्षेप

### सीएल स्कूल की छात्रा ने सीए परीक्षा में रचा इतिहास



नारनौल। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से घोषित सीए परीक्षा परिणाम में सीएल पब्लिक स्कूल की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा शालू अग्रवाल पुत्री सीताराम अग्रवाल ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता उनकी अथक मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधन निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने शालू अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि शालू शुरू से ही एक प्रतिभाशाली व अनुशासित छात्रा रही है। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने कहा कि सीएल स्कूल की यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मानदंडों को बनाए रखते हुए छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्पित है।

## निजीकरण के विरोध में दिया धरना, सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

# सभी को निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। धरना देते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय बोध महासभा व सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय बोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह ने की। संचालन सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले फाउंडेशन के प्रधान कामरेड सुभाष चन्द्र ने किया। धरने को संबोधित करते हुए प्रधान शेरसिंह ने कहा कि किसी भी देश के विकास का वास्तविक मापदंड उसके नागरिकों की जीवन स्थिति होती है, यदि सभी नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण व निःशुल्क शिक्षा समुचित स्वास्थ्य सेवाएं व सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हो, तभी उस देश को वास्तव में विकसित कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकारों की भांति शिक्षा को व्यवसाय में बदलने की दिशा में अग्रसर है। परिणाम स्वरूप शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार आम नागरिक की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। शिक्षा पर सरकारी बजट की कटौती की जा रही है, सरकारी हस्पताल में डॉक्टरों के अनेक पद रिक्त पड़े हैं, सरकारी अस्पताल में एमआरआई जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। जहां उनसे मनमानी फिस वसूली जाती है। रोजगार के नए अवसर सृजीत करने की बजाय अनेक विभागों को बंद किया जा रहा है।

संस्थागत उत्पीड़न के शिकार शोषित पीड़ित समुदाय के पक्ष के प्रावधान वाले यूजीसी नियमों को भी स्पष्ट रूप से लागू नहीं किया जा रहे है। धरने के बाद सीटीएम मंगल सेन के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के निजीकरण पर रोक लगाने, जनवादी धर्मनिरपेक्ष वैज्ञानिक शिक्षा लागू करने, सभी को रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने, सरकारी अस्पतालों में आधुनिक उपकरणों की समुचित व्यवस्था करने, सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों एवं अन्य कर्मियों के रिक्त पद शीघ्र भरने, केंद्र सरकार शिक्षा पर कुल बजट का 10 प्रतिशत बजट खर्च करने, बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने की मांग की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वेदप्रकाश चौधरी, बिरदी चंद गोठवाल, कृष्ण कुमार, शेदू नंबरदार, पूनम सिंह, हुकमचंद, कामरेड दिलीप सिंह, मांडूराम, बलबीर सिंह, ओमप्रकाश, सतबीर सिंह, राजयादव एडवोकेट, सुरेश जांगड़ा, नेतराम, कमल सिंह, जगराम कालिया, महेंद्र सिंह, राकेश नंबरदार, राजेंद्र, चंद्रगीराम, सुमेर सिंह गोठवाल, बाबूलाल, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



### स्प्रिंग फील्ड स्कूल में होली पर्व मनाया

नारनौल। स्प्रिंग फील्ड स्कूल में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने तिलक होली खेलने के लिए प्रतिज्ञा ली। विद्यालय में बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली व धुलंडी की बधाई दी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक भीमसेन शर्मा ने बच्चों को होली के पर्व के महत्व को समझाया तथा बच्चों को तिलक होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक ने बताया कि यह त्यौहार भाईचारे की भावना की एकता को दर्शाता है। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक बलवान सिंह, भारत भूषण, मनमोहन, बिमला, सुमन, सरिता, दीपिका, पूजा गौड़ व पूजा सैनी ने भी इस त्यौहार की बच्चों को बधाई दी।

### बीकेएन सिहमा के रचित का सैनिक स्कूल में चयन



नारनौल। बाबा खेतानाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिहमा के छात्र रचित पुत्र शिवकुमार खासपुर का नौवीं कक्षा के लिए सैनिक स्कूल में चयन हुआ है। इस अवसर पर छात्र का स्कूल पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया व स्कूल के चेयरमैन विजय सिंह ने छात्र की इस उपलब्धि पर छात्र व उसके माता, पिता को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार, उप प्राचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि छात्र रचित शुरू से ही होनहार छात्र रहा है। इस उपलब्धि पर सभी अध्यापकों का भी मेहनत करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# सलीमपुर गांव में सरपंच ने किया डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

## गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करती सरपंच आरती यादव।

गांव सलीमपुर में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सरपंच कुमारी आरती ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवाकर उसका विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल का जोरदार स्वागत किया और इसे गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर सरपंच कुमारी आरती यादव ने बताया कि इस डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार संबंधी तैयारी और उच्च अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक एवं मंत्री आरती राव के सहयोग से गांव में अन्य विकास कार्यों की भी रूपरेखा तैयार की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का ग्राम पंचायत पर विशेष स्नेह और सहयोग बना हुआ है। उनके मार्गदर्शन में पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मंत्री ने गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया है। वहीं ग्रामीण युवाओं ने बताया कि अब उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर की लाइब्रेरी या कोचिंग सेंटर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डिजिटल लाइब्रेरी में शांत और अनुशासित वातावरण में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर समाजसेवी मास्टर जसवंत सिंह, सरला पंच, रामकरण पंच, वेद प्रधान, सुरेंद्र गुप्ता, अभय सिंह, साधु बाबू, जय सिंह, पूर्व पंच रामनिवास, कृष्ण फौजी, दयाशंकर, गीता देवी कौशल्या देवी, सावित्री, कृष्णा देवी, अरविंद आदि मौजूद थे।

## हरियाणा स्कूल में हुआ बाल महोत्सव



नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए भव्य बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था की एमडी निधि वर्मा व निदेशक पुष्करमल वर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बाल महोत्सव में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने स्केटिंग, ताइक्वांडो, योग, फैंसी ड्रेस, कविता वाचन, एकल नृत्य, चित्रकला, सुंदर लेखन कैलीग्राफी तथा तीरंदाजी जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। संस्था एमडी डॉ. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। प्राचार्य सुनील यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन व रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। अंत में मुख्य अतिथि निधि वर्मा, प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

# हांसी समारोह के लिए जजपा की बैठक, तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैठक करते जजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी की बैठक जजपा कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें 13 मार्च को हांसी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी राकेश जाखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने की। मुख्य अतिथि राकेश जाखड़ ने कहा कि डॉ. अजय चौटाला का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा दिवस है और इसे हांसी में भव्य रूप से मनाया जाएगा।

राजकुमार खातोद ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने में डॉ. अजय चौटाला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डॉ. अजय सिंह चौटाला देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के पोते व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पुत्र हैं। डॉ. अजय चौटाला ने विधायक व सांसद के रूप में जनता की सेवा की है। वर्ष 2018 में अपने पुत्र दुष्यंत चौटाला के साथ मिलकर जननायक जनता पार्टी का गठन किया, जिसने कम समय में प्रदेश की राजनीति में अपनी सशक्त पहचान बनाई।

### ये रहे मौजूद

मौके पर अमरसिंह ब्रह्मचारी, महेन्द्र सिंह बडेसरा, कैलाश पालड़ी, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, अशोक सैनी, रामकुमार मक्शुसपुर, हजारी लम्बोरा, मास्टर हरचंद तोबड़ा, सिकंदर गहली, सुरेन्द्र पटीकरा, प्रमोद ताखर, दिनेश राजपूत, वीरेन्द्र घटाशेर, अजय चौधरी अधिवक्ता, सोनिया धनखड़, कृष्ण मास्टर, महेन्द्र शारदा खन्ना, संदीप भांखर, प्रमोद ताखर, विष्णु डाबड़, माडूराम, सरोज बाला, केशव, बजरंग गुर्जर, योगेश डरौली, थावर सिंह, संतोष देवी, सुनीता महरमपुर, अंजू दुलोठ जाट, नीलम चिंडालिया, प्रथ्वी चिंडालिया, विजय बिहाली, राजकुमार डोहर कलां, भादर नागलिया, ईश कुमार, राजेंद्र बूडिन, योगी आदलपुर आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण स्कूल में लिया तिलक होली खेलने का संकल्प



नारनौल। श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में सोमवार को होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक दूसरे को तिलक लगाया और अध्यापकों को तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। सभी बच्चों व अध्यापकों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए तिलक होली खेलने की शपथ ली और एक दूसरे पर पानी न फेंकने का भी प्रण लिया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बच्चों को होली पर पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन राजपाल यादव ने बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। स्कूल के बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई।

## राव सुल्तान स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



महेंद्रगढ़। राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव व अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। जब बच्चों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तो पाया कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। यदि उन्हें थोड़ा सा सहयोग मिल जाए तो भविष्य में किसी नई खोज का प्रारंभ हो सकता है। इसमें कणिका कक्षा सातवीं के मॉडल मनुष्य का डाइजेशन सिस्टम के बारे में जाना और सभी के सामने पूरी प्रक्रिया दिखाई गई। इसी प्रकार से सावनी निम्बल, निकिता, दीक्षा, दीया, हेमा, कंचन, अंशिका, साक्षी मनीष, ध्रुव व चिराग के मॉडल ने सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। एडवोकेट सतपाल यादव ने कहा कि यह सभी बच्चे अवश्य ही अपना और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उप प्राचार्य रामकुमार, कर्ण सिंह निम्बल व समस्त स्टाफ मौजूद रहा है।

## बीआर स्कूल में मनाया होली उत्सव

महेंद्रगढ़। बीआर स्कूल सेहलंग में रंगों के पावन पर्व होली को बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खुशियों की मुस्कान से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने होली के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं लघु नाटिका के माध्यम से प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में भी प्रेम और सहयोग के रंग भरने का संदेश दिया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि त्योहार हमें एकता और संस्कारों से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी से सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से होली मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दीं। विद्यालय की ओर से सभी अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामना दी गईं।



## विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



नारनौल। विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली मंडी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक प्रोजेक्ट्स तथा अनेक प्रभावशाली वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों में नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, रोबोटिक्स, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण और मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने यह सिद्ध किया कि "विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि सोचने और समस्याओं का समाधान खोजने का एक तरीका है।" "आज की जिज्ञासा ही कल की खोज बनती है।" प्रबंधक विक्रांत यादव एवं प्रधानाचार्य राजकुमार ने सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान हमें तर्कसंगत सोच, नवाचार और समाज के विकास की दिशा प्रदान करता है।

## समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर आपसी सहयोग से समाज उत्थान के लिए करें कार्य

# डा. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने आंबेडकर भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें समिति की प्रधान अमन देवी, उपप्रधान राजवीर सिंह, सचिव रोशन लाल, सहसचिव अर्जुनसिंह, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जलवान व कार्य कार्यकारिणी के सदस्यों रोशनी देवी, महेंद्र सिंह मांडैया, शेरसिंह चौहान, संतलाल खिंची एवं अनूप सिंह शामिल रहे।

इनको सहायक निर्वाचन अधिकारी ऋषिराज ने शपथ ग्रहण करवाई। इस मौके पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बौद्ध भिक्षु डॉ करुणा शील राहुल ने अपने संबोधन में सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा समाज के सभी लोगों को मिलजुल कर काम करने एवं पिछले सभी मतभेद भुलाकर तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बताए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर आपसी सहयोग से समाज उत्थान के लिए कार्य करें तथा भवन निर्माण का कार्य संपूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिस समाज में बुजुर्गों व महिलाओं का सम्मान एवं सुरक्षा होती है, वह समाज हमेशा उच्च शिखर पर जाता है। कोई भी व्यक्ति संगठन से बड़ा नहीं होता और न ही कोई संगठन समाज से बड़ा होता है।

संगठन समाज के लिए होता है न कि संगठन के लिए समाज। पिछले अनुभव आप लोगों के भले ही कड़वे रहे हों, लेकिन आगे से सभी मिलजुकर काम करें। भंते ने बुद्ध के जमाने की दो वंशों की लड़ाई की कहानी सुनाकर आपसी मतभेद खत्म करने पर जोर दिया।

मंच संचालन लेखक मनीकुमार बौद्ध ने किया। अंत में समिति के उपप्रधान राजवीर सिंह ने सभी लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में चार लोगों ने भवन निर्माण आगे बढ़ाने के लिए 2-2 लाख रुपये कमरे निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुंदरलाल जोरासिया, चेयरमैन एसएलजी अमन फाऊंडेशन (भारत), चन्दन सिंह जालवान , बिरदी चंद गोठवाल, मास्टर कैलाश बौद्ध , रमेश खिंची, जिला पार्षद पूनम, मास्टर ताराचंद, सुभाष चौहान, डॉ राकेश, सुरेश बौद्ध, सुमेर सिंह गोठवाल, अमरनाथ सिरोहा, पहलवान धर्मेंद्र, ज्ञानचंद बागोतिया, भीम सिंह सूंठवाल, अनिल फांडन, इंद्रजीत बागोतिया, सुमेर सिंह चौहान, मास्टर सुंदरलाल, डॉ हरिसिंह, हरिसिंह खातोद, विकास, भीम सिंह दहिया एडवोकेट, प्रिंसिपल कृष्ण कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल परीक्षा में इंडस वैली का उत्कृष्ट प्रदर्शन



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़। इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा व राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में शानदार सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित परिणाम में इंडस वैली के विद्यार्थियों ने बाजी मारते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि हमारे संस्थान के छात्र दक्ष गुवानी, रेहान धनुन्दा, गौरव कलवाड़ी, तनीष धनुन्दा, संजीव दौंगड़ा अहीर, देवांश बेवल, धीरज दुलोठ जाट एवं अनुज दौंगड़ा अहीर ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्राचार्य ने बताया कि संस्थान के दो विद्यार्थी सोहिल मुंडिया खेड़ा व मानसी दुलोठ जाट का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल आरएमएस में भी हुआ है, जो पूरे विद्यालय स्टाफ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर तैयारी, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस दौरान बच्चों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मेंद्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, उप्राचार्य वीर सिंह व प्राइमरी हैड नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

नारनौल। राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च को सुबह 10 बजे सभी प्रकार के मामलों के निपटारों के लिए कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व छह मार्च को दोपहर 1:30 बजे मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे के लिए प्री लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि 14 मार्च को न्यायिक परिसर में न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, एको इंश्योरेंस कंपनी, जुनो जनरल इंश्योरेंस कंपनी, गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी व आईसीआईसीआई लाम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर पाल सिंह व अधिवक्ता हेमंत यादव की बैंच की ओर से की जाएगी।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

### मॉडर्न के 37 ने सैनिक स्कूल परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड़ में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उर्तीण प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यकम के दौरान चेयरमेन सतन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि हमारे स्कूल के कक्षा पांचवी के 22 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा आठवीं के 19 विद्यार्थियों ने सैनिक प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें 37 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवांवित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करते हुए विद्यालय चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि याद रखें कि जीवन एक अनमोल उपहार है और आप सभी अपने-अपने तरीके से अद्वितीय हैं। चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आपका दृष्टिकोण ही आपका मार्ग निर्धारित करेगा।


महेंद्रगढ़। होली खेलते विद्यार्थी।

### सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में फाग होली महोत्सव आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को फाग-होली महोत्सव आोजित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सुगंधित गुलाल-अबीर लगाकर व एक–दूसरे के गले मिलकर सौहार्द, प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। होली रंगों का त्यौहार है जो मानव को प्रेम, शांति व खुशहाली से भरता है तथा परस्पर वैमनस्य मिटाकर सद्संदेश देता है। विद्यार्थियों ने पक्के व केमिकल से बने रंगों को छोड़ साधारण गुलाल, पानी व फूलों से होली खेली। प्राचार्या विनय यादव ने कहा कि विद्यार्थियों ने कविता, भाषण व अपने विचार व्यक्त कर पर्व का महत्व बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि इस पर्व को मनाने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।


नारनौल। होली महोत्सव में भाग लेती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### एमआर स्कूल अटेली में मनाया होली उत्सव

**नारनौल।** अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में होली के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली। इसके साथ विद्यालय में विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जिसमें होली के त्योहार से संबंधित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। दर्शक विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। चेयरमैन सियाराम यादव ने समस्त स्टाफ के साथ मिलकर विद्यार्थियों के परिवार में खुशियां रहने की मनोकामना की।

## धूमधाम से मना प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह

# सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण का दिया अनूठा संदेश

**प्रसिद्ध गायक धर्मेश कौशिक ने अपने लोकप्रिय गीत तेरे मीठे-मीठे बोल से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

प्रेस क्लब द्वारा होली के पावन पर्व पर एक भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। राजा मैरिज पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल गुलाब के फूलों के रंगों के उत्सव की खुशियां बिखेरी, बल्कि सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश भी दिया। समारोह का शुभारंभ कंवर सिंह आर्य द्वारा संपन्न कराए गए वैदिक हवन यज्ञ के साथ हुआ। मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डालकर विश्व शांति और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से सांस्कृतिक सत्र की शुरुआत की। कार्यक्रम में कलाकारों और स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया। प्रसिद्ध गायक धर्मेश कौशिक ने अपने लोकप्रिय गीत तेरे मीठे-मीठे बोल से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, कलाकार संजय सैनी, राज सिंह इंदौरा, कौशल वत्स, इन्द्रजीत, मोनिका, आकाश शर्मा ने बाबा श्री श्याम व होली के रंग से जुड़े भजनों की ऐसी अमृत वर्षा की कि पूरा सदन झूमने पर मजबूर हो गया। भाजपा नेत्री अर्चना ठाकुर ने कहा कि रंगों का यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।


महेंद्रगढ़। अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

नन्हे कलाकारों आरपीएस और बीजेआरडीस्कूल के बच्चों ने होली पर आधारित मनमोहक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में राजनीति, शिक्षा और प्रशासन जगत की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिसमें विधायक कंवर सिंह यादव, हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रेस क्लब द्वारा सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब के प्रधान नीरज कौशिक, संरक्षण मोहन लाल अग्रवाल, रमेश कौशिक व पदाधिकारियों ने इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना और अपनी गौरवशाली संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

### ये रहे मौजूद

नपा चेयरमैन रमेश सैनी, वाइस चेयरमैन मंजू कौशिक, निदेशक अनिल कौशिक, भाजपा नेता अमित पाली, भाजपा नेत्री अर्चना ठाकुर, कांग्रेस नेत्री सुनेश यादव, उमा खुराना भाविप, आप नेत्री पंकज बाला, निःस्वार्थ सेवा पार्टी के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, बलवान फौजी, पूर्व नपा चेयरमैन रीना गर्ग, बिजेंद्र यादव, व्यापार मंडल प्रधान सुरेन्द्र बंटी, विनय, धर्मेन्द्र भारद्वाज, मुकेश चौहान, सहित विभिन्न स्कूलों के चेयरमैन व संचालक सतन सिंह, सुरेन्द्र यादव बेरी, अमित यादव, राजपाल यादव, देवेन्द्र यादव, विजयपाल, गोपाल शर्मा एडवोकेट, शीला राव, डॉ. बीर सिंह यादव, डॉ. संतोष देवी, डॉ. राजबीर यादव, डॉ. अभय सिंह यादव, डॉ. अनीता यादव, डॉ. लालचन्द्र यादव, डॉ. भंवर सिंह कसाना, गोशाला प्रधान रवि तिवारी, नवीन राव, रमेश वर्मा, सुरेश शर्मा, सैनी सभा के पूर्व प्रधान मास्टर दिनेश सैनी, दुष्यंत सैनी, राधेश्याम सैनी, कर्मचारी नेता सुरेन्द्र माजरा, बाबूलाल यादव, भूपेन्द्र आर्य, कप्तान राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# यदुवंशी कॉलेज में मनाया पर्व

■ होली से जुड़े पारंपरिक लोकगीतों नृत्य और कविताओं को प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी कॉलेज में रंगों का पावन पर्व होली बड़े ही उत्साह उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज परिसर रंग-बिरंगे गुलाल संगीत और हंसी खुशी के माहौल से सरोबार नजर आया। इस दौरान विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्टाफ सदस्यों ने एकजुट होकर प्रेम भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने होली से जुड़े पारंपरिक लोकगीतों नृत्य और कविताओं को प्रस्तुत किए। हर प्रस्तुति में भारत संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। रंग बरसे और अन्य पारंपरिक होली गीतों की धुन पर विद्यार्थी झूमते हुए नजर आए।


महेंद्रगढ़। होली खेलती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व

संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें जीवन के रंगों की तरह विविधता को अपनाने और सकारात्मक फैलाने का संदेश देता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान सभी ने शुभकामनाएं दी।

# हैप्पी स्कूल के दो छात्र बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**महेंद्रगढ़।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान द्वारा आयोजित सीए फाइनल परीक्षा में हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के दो होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा सलोनी सिंघल पुत्री राजेश कुमार एवं प्रतिभाशाली छात्र आदित्य जिंदल पुत्र अमित जिंदल ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस शानदार सफलता में कॉमर्स विषय के अध्यापक पवन कुमार एवं संतोष यादव का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरित करते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं सही दिशा प्रदान की।


आदित्य


सलोनी सिंघल

### मनीष मित्तल दूसरी बार बने प्रदेश अध्यक्ष

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा स्टेट ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेंद्रगढ़ जिला निवासी मनीष मित्तल के पुनः चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्हें लगातार दूसरी बार इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना गया है, जिस पर व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर अनिल तिवाड़ी, सुधीर दीवान, अमित मिश्रा, नरेश जोशी, सुशील बिढाट, प्रदीप शर्मा ने मनीष मित्तल को बुक्का भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मित्तल के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हुआ है।


महेंद्रगढ़। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## देवयानी इंटरनेशनल स्कूल में रंगों का त्योहार होली मनाई

■ कविता और कहानी के माध्यम से होली के त्योहार को रंगीन बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में रंगों का त्योहार होली बड़ी धूमधाम से मनाया। स्कूल चेयरमैन सुनील कुमार और प्राचार्य बलवान सिंह ने अतिथि के रूप में आगमन पर कार्यक्रम की शुरुआत की।

निशा यादव और उनके ग्रुप ने होली खेले मसाने में गीत पर शिवाजी का अगोरी डांस कर खूब मनोरंजन किया।

प्रज्ञा राव ने अपने ग्रुप के राधा और गोपियों का रूप धारण कर राधा संग होली खेले गीत पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। स्टार हाउस के बच्चों ने कविता और कहानी के माध्यम से होली के त्योहार को रंगीन बनाया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि रंगों का त्योहार होली हमारी संस्कृति में एकता, भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है।

# हेरिटेज के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपमंडल कनीना में स्थित हेरिटेज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहनपुर के 21 विद्यार्थियों ने गई सैनिक स्कूल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में 19 बच्चे, जिन्होंने छठी क्लास के लिए सफलता प्राप्त की है, दो बच्चे ने नौवीं क्लास के लिए सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि बच्चों ने जिस प्रकार से अपने अध्यापकगण के साथ मिलकर मेहनत की, जिसका परिणाम आज हम सभी के सामने हैं। इसमें नमन कुमार पुत्र संजय कुमार ने 231 अंक प्राप्त किए, मयूर यादव, भविष्य, सुनिधि डाबड, गौतम, उज्ज्वल, प्रिया, वंशिका, शुभम राव, नव्या, विदित यादव, पलक तंवर, निशु, यक्षत कुमार, महिमा यादव, कनक रंगा, मानविक, रक्षा, रचना ने छठी क्लास के लिए सफलता प्राप्त की। राघव कुमार पुत्र सुनील कुमार, युवराज सिंह पुत्र ओमपाल सिंह ने 242 अंक प्राप्त कर नौवीं कक्षा के लिए परीक्षा पास की।


नारनौल। हेरिटेज स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, डायरेक्टर खुशीराम शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर सुमन आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### राव नेतराम स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**नारनौल।** औँल इण्डिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के विद्यार्थियों का परिणाम सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें यश यादव पुत्र नरेन्द्र कुमार, पीयुश पुत्र पवन कुमार, भोगेश पुत्र उमेश कुमार, कनीशका पुत्री अजय कुमार, नव्या पुत्री विनीत कुमार, हैप्पी यादव पुत्र पवन कुमार, अनन्या पुत्री मनमीत कुमार, हितेन पुत्र अनिल कुमार, विधि पुत्र अशोक कुमार, प्रिन्स पुत्र हरद्वारी ने क्वालीफाई किया है। इस सफलता में बच्चे, अभिभावक व अध्यापक सभी श्रेष्य के पात्र है। इस मौके पर मीना, पूनम, अन्जू, मुन्नी, अनिता देवी, श्यामसुन्दर, प्रियंका, कोमल, ज्योति, सुमन शर्मा, अशोका आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती स्कूल भोजावास के ईवीएम मॉडल को मिला तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी पाली में जिला स्तरीय साइंस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के विद्यार्थियों के ईवीएम मॉडल को तृतीय स्थान मिला है। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन कमेटी ने स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान तकनीक का इस्तेमाल करके सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि साइंस मॉडल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने 150 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए हैं।


नांगल चौधरी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित विद्यार्थी प्रमाण पत्र दिखाते हुए।

### द्यार्थियों ने चुनावी पारदर्शिता पर आधारित मॉडल बनाया

सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों ने चुनावी पारदर्शिता पर आधारित मॉडल बनाया। विजेता विद्यार्थी लक्षित कुमार, सुजीत मांदी, अंशुल, संजय कुमार ने तर्क दिया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने व सामाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने में सादंस तकनीक सक्षम है। कार्यक्रम में शिक्षक श्याम सिंह व कीर्ति को भी सम्मानित किया गया।

### महामूर्ख सम्मेलन व कवि सम्मेलन आज

**महेंद्रगढ़।** होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से मंगलवार को महामूर्ख सम्मेलन व कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर एक बजे से श्री रामलीला परिषद पुरानी रामलीला में आयोजित होगा। प्रधान नरेश जोशी ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य होली के पर्व पर समाज में हास्य, उल्लास एवं आपसी सौहार्द का संदेश देना है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रसिद्ध हास्य कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भरपूर मनोरंजन प्रदान करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कार्यक्रम में महामूर्खाधीश के रूप में सुधीर दीवान विशेष आकर्षण रहेंगे।

# यदुवंशी स्कूल में होली पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में होली का पावन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में रंगोली सजावट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने बुरा न मानो होली है के संदेश के साथ प्रेम, भाईचारे और एकता का परिचय दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ फूलों की होली खेलकर आनंद लिया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने भी विद्यार्थियों को पावन पर्व होली की बधाई दी।


महेंद्रगढ़। होली खेलते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### प्रेम व सौहार्द बढ़ाने की प्रेरणा देता है पर्व

कार्यक्रम के दौरान होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सौहार्द बढ़ाने की प्रेरणा देता है। अंत में सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संकल्प लिया गया। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों, होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का प्रतीक है। जैसे रंग मिलकर एक सुंदर चित्र बनाते हैं, वैसे ही हम सब मिलकर समाज को सुंदर और सशक्त बना सकते हैं।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय जांट-पाली में विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

# हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर केंद्रीय विश्वविद्यालय जांट-पाली में आयोजित विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिता में हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में रिया अग्रवाल, नैन्सी शर्मा, निशिका एवं यशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम को मेंटॉर नेहा बंसल का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में भव्य, योगिता, मानसी एवं जया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इन छात्राओं को मेंटॉर मंजू शर्मा एवं गोल्डी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

पेंटिंग प्रतियोगिता में ओंकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें भी मेंटॉर मंजू शर्मा एवं गोल्डी का विशेष सहयोग मिला। इनोवेटिव आइडिया प्रतियोगिता में प्रणव चोक्कर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्राची एवं कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को मेंटॉर प्रशांत कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य डॉ.जेएस कुंतल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता एवं तार्किक सोच को विकसित करती हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित


**नारनौल।** सिहमा स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों में बड़ा ही उत्साह और अनुशासन से भाग लिया। संस्था के प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने बताया कि स्कालरशिप परीक्षा के साथ–साथ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, साइंस मॉडल, लोक गीत आदि रखे हुई थे। प्रधानाचार्य कहा कि स्कॉलरशिप परीक्षा केवल आर्थिक सहायता प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रतिभा को पहचानने और आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर है।

## विद्या भारती स्कूल में मनाया होली पर्व


नारनौल। होली महोत्सव में भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गुनगुन ने श्रीकृष्ण की भूमिका निभाई तथा कोमल ने राधा की भूमिका निभाकर सभी का मन मोह लिया। सभी बच्चे राधा-कृष्ण की सुंदर-सुंदर वेशभूषा में सजे हुए स्कूल आए, जिससे पूरा विद्यालय रंगों व उमंग से सराबोर हो गया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बच्चों को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस अवसर संस्था के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताते हुए समझाया कि होलिका दहन क्यों किया जाता है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस मौके संस्था के प्राचार्य विनोद यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, इन्द्रजीत पुत्र श्री रामकुंवार निवासी कोटिया तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमांशु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै मंजू देवी पत्नी अनिल कुमार वासी मौहल्ला आदर्श नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरी दसवीं की सर्टिफिकेट में मेरा नाम मंजू कुमारी है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मंजू देवी है। मंजू कुमारी व मंजू देवी दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में किए जाने वाले कार्य मंजू देवी के नाम से ही किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कनीना बार एसोसिएशन ने रखा वर्क सस्पेंड

**कनीना।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस नरेश शेखावत के भाई महेंद्र सिंह के निधन पर सोमवार को बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा। प्रधान मंजीत यादव ने बताया कि महेंद्र सिंह का एक मार्च को निधन हो गया था। बार एसोसिएशन सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### वरिष्ठ नागरिकों की मासिक बैठक 8 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चन्द जांगिड़ ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक 8 मार्च को सुबह 11 बजे किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में होगी, जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा करेंगे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर की ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जनभलाई पर सरकार का फोकसः डीसी

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सभी उपमंडल सत्र पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो रहा है। सभी अधिकारी इसमें इसी प्रकार गंभीरता बनाए रखें। उपायुक्त लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। इस मौके पर 15 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि वे रोज व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर कार्य करें, तो कई गरीबों का भला कर सकते हैं।

## जिले को मिलीं कई सौगात : नारनौल मंडी में नई व्यापक एकीकृत खाद्य प्रयोगशाला स्थापित होगी

# पशु औषधालय और पॉलिटेक्निकल खुलेंगे कनीना बस स्टैंड व उनिंदा में बनेगा रेस्ट हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री सोमवार विधानसभा में 12वां राज्य बजट पेश किया। प्रदेश के साथ-साथ जिले को अनेक योजनाओं के साथ जोड़ा गया है। गांव मुसनौता में राजकीय पशु औषधालय खोला जाएगा। खेड़ी तलवाना गांव में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान खोला जाएगा। कनीना का नया बस स्टैंड बनेगा। अटेली के उनिंदा गांव में नया विश्राम गृह भवन तैयार होगा। यहीं नहीं, नारनौल मंडी में प्राकृतिक व जैविक किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही नारनौल मंडी में नई व्यापक एकीकृत खाद्य प्रयोगशाला भी स्थापित की जाएगी। वहीं पिछले दिनों सुविधा की कमी के चलने विवादों में रहा बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के दिन भी बहुरंगेंगे। इस कॉलेज में लड़कों एवं लड़कियों के छात्रावासों का निर्माण तथा शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर, एक फार्मेसी, व्याख्यान कक्ष और एक बहुउद्देश्य हॉल, एक योग हॉल और एक आयुष वैलनेस सेंटर स्थापित होगा।




### बेटियों की सेहत व सशक्त परिवार पर केंद्रित बजटः आरती राव

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला बताया है। वर्ष 2026-27 में प्रदेश की 14 वर्ष की लगभग तीन लाख किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन से निःशुल्क टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कदम भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमारी बेटियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। प्रदेश के हर जिला अस्पताल और हर उपमंडल अस्पताल में विशेष स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक की स्थापना की जाएगी, जिससे मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प को भी सिद्ध करेगा।

## विपक्ष ने यूं नकारा

### जनता की आकांक्षाओं से दूर यह बजटः राव नरेंद्रसिंह

**कांग्रेसः** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसे जनता की अपेक्षाओं के विपरीत बताया है। कहा कि 2.23 लाख करोड़ का यह बजट प्रदेश के किसानों, युवाओं, कर्मचारियों, मध्यम वर्ग और कमजोर वर्गों की मूल समस्याओं के समाधान में पूरी तरह असफल रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले किसान समुदाय को इस बजट से राहत की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें एक बार फिर निराशा ही हाथ लगी है। नहरों के विस्तार और सिंचाई ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए भी पर्याप्त प्रावधान नहीं किया गया है।

### बजट जनता के साथ धोखा

**जेजेपी :** हरियाणा प्रदेश का बजट आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। जननायक जनता पार्टी की ओर से जिला प्रधान राजकुमार खातोद व जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने इसे दिशाहीन व जनविरोधी करार दिया। जिला प्रधान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में किसानों, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं व कर्मचारियों के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट हरियाणा के विकास की बजाय राजनीतिक प्रचार का दस्तावेज ज्यादा लगता है। ग्रामीण क्षेत्र, विशेषकर महेंद्रगढ़ जिला एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हुआ है।

### जिले के लिए बजट में यह भी खास

- नया राजकीय पशु औषधालय मुसनौता
- प्रत्येक विधानसभा में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित होगी।
- जिला के गांव खेड़ी तलवाना में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान खोला जाएगा। अभी तक जिला में सिर्फ एक बहुतनीकी संस्थान नारनौल में बाबा खेतानाथ के नाम चल चल रहा है।
- खातोदड़ा में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित होगा।
- महेंद्रगढ़ व कनीना में नए डायलिसिस केंद्र स्थापित होंगे।
- जिला में एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बनाया जाएगा।
- नारनौल में नसीबपुर स्थित जेल में पेट्रोल पंप खोला जाएगा।
- कनीना में नए बस अड्डे का निर्माण होगा।
- नगर निकायों को स्वर्ग रोहिणी वाहन होगा उपलब्ध
- अटेली के पास उनिंदा में नया विश्राम गृह बनाया जाएगा।
- गांवों में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से पहुंचाने के लिए जिला में नए आयुष औषधालय खोलें जाएंगे।
- जिला में एक खेलो इंडिया लघु केंद्र बनाकर इसका संचालन किसी पूर्व चैंपियन खिलाड़ी को सौंपा जाएगा।
- जिला में एमएसएमई एवं निर्यात सुविधा डेस्क बनाएं जाएंगे ताकि एमएसएमई इकाइयों और निर्यातकों को बाजार तक पहुंच के लिए एक ही स्थान पर सिंगल प्वाइंट इंड टू इंड सुविधा मिल सके।
- हरियाणा की एमएसएमई और स्टार्टअप्स की सुविधा के लिए जिला में कम से कम दो प्लग एंड प्ले कलस्टर स्थापित किए जाएंगे।
- वर्तमान में 12 शहरों में चल रही इलैक्ट्रिक सिटी बसों के समान शेष जिला मुख्यालय में यह भी सेवा शुरू की जाएगी। ऐसे में नारनौल शहर का नंबर भी आएगा।
- शहरों के सभी पार्कों, ग्रीन बेल्टों और मुख्य सड़कों के किनारों पर बड़े स्तर पर पौधारोपण के लिए अर्बन ग्रीन फण्ड स्थापित किया जाएगा।
- आवश्यक कार्यों को तुरंत करवाने के लिए पार्षद आपातकालीन फण्ड स्थापित किया जाएगा। नगर परिषद व नगर पालिका के पार्षदों को प्रति वर्ष क्रमश तीन लाख तथा एक लाख पचास हजार रुपये की राशि के आवश्यक जन कार्यों को स्वीकृत करने की शक्तियां दी जाएगी।
- नसीबपुर जेल में ऐसे आधुनिक तकनीकी उपकरण लगाए जाएंगे, जिनसे जेल में बैठे अपराधी अपने बाहर के साथियों से संपर्क नहीं कर पाएंगे। जेल में हर प्रकार की गतिविधि पर नजर रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात जेल वार्डरों के लिए बॉडी वार्न कैमरे खरीदें जाएंगे।
- ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जो आंगनबाड़ी केंद्र किराये पर चल रहे है, इन सभी को सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जाएगा।
- वर्ष 2026-27 में जिला में नई खदानें शुरू की जाएगी।

## सत्ता पक्ष बोला...

### कृषि व ग्रामीण विकास को समर्पित बजट

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट को किसान हितैषी व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एग्री डिस्कॉम के नाम से तीसरी बिजली वितरण कंपनी बनाने का निर्णय महेंद्रगढ़ जैसे कृषि प्रधान जिलों के लिए वरदान साबित होगा। जिससे किसानों को खेती के लिए निर्बाध बिजली कनेक्शन मिल सकेंगे।

### बुनियादी ढांचे को नई मजबूती

नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह बजट हरियाणा को औद्योगिक हब बनाने और बुनियादी ढांचे को आधुनिकतम स्तर पर ले जाने वाला है। यादव ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि एम्प्लॉयमेंट सब्सिडी को 48 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति कर्मचारी करना प्रदेश के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के द्वार खोलेगा।

### राज्य बजट की सराहना की

**महेंद्रगढ़।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्रालय का भी प्रभार है, द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत बजट की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2.23 लाख करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश के किसानों, युवाओं, कर्मचारियों, मध्य वर्ग तथा कमजोर वर्गों के हित और कल्याण में कारगर साबित होगा।

### विकसित हरियाणा बनाने की ओर कदम

पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आज पेश किया गया सरकार का वर्ष 2026-27 का बजट विकसित भारत के साथ-साथ विकसित हरियाणा बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में कृषि और किसान की समृद्धि के लिए कई महत्वपूर्ण क़दम उठाए गए हैं। समाज के हर वर्ग के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

# एनएच 11 पर महिला की मौत पति व मासूम समेत 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नेशनल हाईवे नंबर 11 पर नारनौल–सिंघाना मार्ग के बीच स्थित हमीदपुर (दोहान नदी) गांव के बस स्टैंड के पास सोमवार दोपहर को करीब 12 बजे एक दर्दनाक भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो और एर्टिगा कार की आमने–सामने की टक्कर में गांव पटीकरा निवासी करीब 48 वर्षीय रेशम देवी की मौत हो गई, जबकि उनके पति, एक मासूम बच्चे सहित करीब दस लोग घायल हो गए। यह सभी एक ही परिवार से हैं और अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो और एर्टिगा कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो मौके पर ही पलट गया। कार भी डिवाइडर कूद कर दूसरी तरफ चली गई। ऑटो में सवार 10–12 लोग बुरी तरह झटके के साथ सड़क पर गिर पड़े और कई लोग ऑटो के नीचे दब गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों और सड़क से गुजरते वाहनों में सवार लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला। टक्कर के कारण ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार का भी भी अगला हिस्सा एकतरफ से क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो को मृतका रेशम देवी के पति चंद्रप्रकाश उर्फ पप्पू वासी पटीकरा चला रहे थे। सभी लोग ऑटो में सवार होकर गांव बापड़ोली जा रहे थे, जहां मोनिका नामक विवाहिता के फूफा ओमप्रकाश के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए परिवारजन एकत्रित हो रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही यह दुखद हादसा हो गया और शोक सभा में शामिल होने जा रहा परिवार खुद शोक में डूब गया।


हमीदपुर बस स्टैंड के सामने ऑटो-एर्टिगा में आमने-सामने की टक्कर

नारनौल। सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और एर्टिगा कार।


नारनौल। ट्रामा सेंटर के आपातकालीन वार्ड में भर्ती घायल।


नारनौल। उपचाराधीन ऑटो चालक चंद्रप्रकाश।


नारनौल। हादसे की शिकार हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी ने की मदद

हादसे के तुरंत बाद एक जीएम अधिकारी, जो संयोगवश उसी मार्ग से गुजर रहे थे, अपनी गाड़ी में पांच गंभीर घायलों को बैठाकर तुरंत नारनौल के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। उनके इस त्वरित प्रयास से घायलों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सका। बाद में पुलिस की डायल 112 गाड़ी और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं।

### ये हुए हैं घायल

घायलों में मृतका रेशमी का पति चंद्रप्रकाश उर्फ पप्पू, ललिता, शशिबाला, जराजकुमार, मौसम, सरोज, बुल्यां, अशोक, मोनिका, सुमन, नियांची एवं एक साल का मासूम बच्चा शामिल है। यह बच्चा घायल हुए मोनिका पत्नी अशोक का है। ये तीनों ही घायल हैं और अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

*शोक में डूबा गांव पटीकरा :* रेशम देवी की मौत की खबर जैसे ही गांव पटीकरा पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में नागरिक अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। बताया जा रहा है कि रेशम देवी अपने परिवार की जिम्मेदार महिला थी और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहती थी। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### गंभीर घायल हायर सेंटर रेफर

अस्पताल सूत्रों के अनुसार हादसे में घायल करीब छह लोगों की हालत गंभीर पाई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन गंभीर घायलों को शहर के निजी अस्पतालों में लेकर गए, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में पुरुषों और महिलाओं के साथ एक मासूम बच्चा भी शामिल है, जिसे चोटें आई हैं। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल सभी घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### सदर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस नागरिक अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और एर्टिगा कार को पुलिस द्वारा घटनास्थल पर ही खड़े किए गए हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### नियमों की अनदेखी पर सवाल

इस हादसे ने एकबार फिर नेशनल हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों और यातायात नियमों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि जब रघुनाथपुरा (नारनौल) अंडरपास से सिक्स लेन पकड़ते हैं। तब यदि पास के गांव गहली की तरफ जाना हो, तब वाहन चालकों को रांग साइड से चलना पड़ता है। यह स्थिति केवल गहली नहीं, बल्कि खटोटी मोड़ तक बनी है। क्योंकि दोहान नदी पुल से पहले वाहन रांग साइड होकर ही खटोटी मोड़ पहुंचते हैं। यहां रोजाना आम वाहनों ही नहीं, स्कूल बसों को भी रांग साइड में चलता हुआ देखा जा सकता है। पहले भी इस तरह के एक्सीडेंट हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। रघुनाथपुरा से खटोटी मोड़ तक कोई फ्लाईओवर या अंडरपास नहीं है और इस कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

### आमजन की समस्या का समय पर निपटान करना प्राथमिकताः एसडीएम

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का सशक्त माध्यम है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो इसके लिए समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। एसडीएम कनिका गोयल ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आए लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि जनता व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## जिला वॉलीबॉल संघ का पुनर्गठन नई कार्यकारिणी का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



जिला महेंद्रगढ़ में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला महेंद्रगढ़ वॉलीबॉल संघ का विधिवत पुनर्गठन किया गया। ढाणी किरारोद स्थित गुरु द्रोणाचार्य स्कूल ढाणी किरारोद में आयोजित इस विशेष बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भीम अवॉर्डी हनुमान यादव ने की। जिसमें जिले के खेल प्रेमियों और पूर्व खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुनर्गठन की प्रक्रिया हरियाणा राज्य वॉलीबॉल संघ के दिशा-निर्देशों के तहत पूरी की गई। इसमें प्रधान धर्मपाल यादव को मनाया गया है। उप प्रधान सतीश कुमार, महासचिव हनुमान यादव, सहसचिव नरेश ढिल्लो व कोषाध्यक्ष रामशरण खैरवाल को चुना है। नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मपाल यादव ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण अंचलों से प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है।

### श्रीनामदेव समाज समिति का वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** श्री नामदेव समाज समिति ने अपना वार्षिक सामाजिक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन नामदेव भवन धर्मशाला रविदास मार्ग में किया। जिसमें विचार एवं काव्य गोष्ठी गीत गंगा का आयोजन हुआ। जिसमें जाने-माने कवि, गीतकारों व साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। गीत गंगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यिकार एवं गीतकार डॉ. रामनिवास मानव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी पुष्करमल वर्मा ने की। डॉ. सीएस वर्मा प्रभाकर, महेंद्र कुमार वर्मा, सत्यनारायण वर्मा, नवरत्न वर्मा, डॉ. रामनिवास मानव ने गीत गजल व दोहों के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना बनाए रखा। डॉ. सीएस वर्मा के गीत जब तुमने इजहार किया था, मन की पावन अभिलाषा मैं भी था नादान ना समझा, कुछ मतलब की परिभाषा ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। महेंद्र कुमार वर्मा रतन की गंभीर कविता दूरियां चाहे कितनी भी हो, मुश्किलें चाहे जितनी भी हो हमने बुलाया है।

## दवा विक्रेता संगठन ने मनाया होली समारोह

- सरस्वती होटल में भव्य मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। समारोह में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिला महेंद्रगढ़ दवा विक्रेता संगठन द्वारा रविवार को होली पर्व पर रेवाड़ी रोड स्थित सरस्वती होटल में भव्य मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हरियाणा ड्रग डीलर्स एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनीष मित्तल, महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज कोरियावास के डायरेक्टर डॉ बृजेंद्र सिंह ढिल्लो, नगर पालिका अटेली के चेयरमैन संजय गोयल, हैफेड के पूर्व जिला प्रबंधक एवं जिला व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, वेदप्रकाश यादव, डॉ सुभाष नांगल चौधरी आदि का फूलों के बुक्कों, मालाओं एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। दवा विक्रेता संगठन के जिला महासचिव संदीप शांडिल्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर वर्ष होली मिलन पर इस समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें संगठन से संबंधित कोई भी समस्या हो, उनके समाधान पर चर्चा की जाती है।

### धानक समाज ने उठाई धर्मशाला एवं छात्रावास निर्माण की मांग

**महेंद्रगढ़।** बस स्टैंड के नजदीक यादव धर्मशाला में धानक समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कृष्ण पटवारी जड़वा ने की। उन्होंने बताया कि सभा के आरंभ में पूर्व मुख्यमन्त्री मनोहरलाल खट्टर व तत्कालीन कैबिनेट मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने वर्ष 2019 में समाज को जमीन आवंटित की थी, जिसके लिए वे सदैव आभार एवं धन्यवाद के पात्र रहेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार समाज की प्रस्तावित धर्मशाला व अम्बेडकर छात्रावास के निर्माण हेतु सभी तकनीकी व प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि विधायक कंवर सिंह यादव एवं सांसद धर्मवीर चौधरी ने कबीर जयंती पर धानक समाज की धर्मशाला एवं छात्रावास बनवाने की घोषणा की थी। इसलिए उनसे वह मदद मांगी जाए। यह प्रस्ताव मौजूद सभी लोगों ने करतल ध्वनि से एकमत होकर पारित कर दिया और एक स्वर में कहा कि उनसे समाज यह निर्माण करवाने का अनुरोध करेगा। बैठक में प्रताप सरपंच भड़फ, रामनिवास हेडमास्टर, प्रधान दारासिंह, प्रदीप इटकान प्रधान, महेन्द्र खन्ना, नेतराम प्रधान, सूबेदार सुबेसिंह, सूबेदार अमरसिंह, हैडमास्टर राजेश कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहनलाल, रविदत्त सरपंच, इंस्पेक्टर समयसिंह आदि ने विस्तार से अपने विचार रखे और समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कनीना में आयोजित मेले से वंचित किसानों ने अधिकारियों पर लगाया मनमर्जी का आरोप

# कृषि विभाग के अधिकारियों ने ढाई घंटे में समेटा एक दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला

मोटे अनाज को महत्व देने संबंधी जागरूकता के लिए लगाई गई थी स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना के फुटबॉल मैदान में सोमवार को कहने को तो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन किया गया, लेकिन दिलचस्प बात है कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस मेले को मात्र ढाई से तीन घंटे में सिमटा दिया। जिसके पीछे कृषि अधिकारी मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रमुख डॉ. राकेश कुमार के पास समय की कमी होने की दलील दे रहे है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब विभिन्न गांवों से किसान दोपहर के समय मेले में हिस्सा लेने आए। क्षेत्र के उन्नत एवं जागरूक किसानों ने मेले का रूख किया, तो कर्मचारी टेंट उतरते नजर आए। यह टेंट भी नजदीक से नहीं, बल्कि नारनौल से लाया गया था।

किसानों ने कहा कि कृषि विभाग के


कनीना। जिला स्तरीय कृषि मेले में दोपहर ढाई बजे टेंट उतारते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अधिकारियों ने एक दिवसीय मेले के नाम पर केवल मात्र ढाई घंटे में औपचारिकता पूरी की है। टेंट कर्मियों ने बताया कि मेले में दो ये तीन सौ व्यक्तियों ने हिस्सा लिया है। किसानों का मानना है कि कृषि विभाग के अधिकारियों की ओर से मेला आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार नहीं किया गया। जानकारी के अभाव में क्षेत्र के बहुत से किसान मेले से वंचित रह गए, जबकि कुछ किसानों को कानों कान खबर मिलने पर आए, तो सुबह से सायं तक चलने वाले एक दिवसीय मेले का समापन भी हो चुका था। कृषि विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी की भेंट चढ़े मेले को लेकर किसानों में रोष पैदा हो गया है। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने आनन फानन में मेले का आयोजन कर किसानों को जागरूक करने के लिए आयोजित किए जाने वाले मेले के बजट को खुर्द बुर्द कर दिया। जिसे लेकर कृषि अधिकारियों की लापरवाही साफ झलक रही है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस बारे में कृषि विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि कनीना में मोटे अनाज को लेकर जिला स्तरीय कृषि मेला लगाया गया था। जिसमें 25 स्टाल लगाई गई थी। इसके अलावा कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर भीड़ डट नहीं पाई। इसलिए सुबह दस बजे से डेढ़ बजे तक मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह दस बजे से पांच बजे तक मेले का समय जरूरी नहीं है।